# CITY ACADEMY DEGREE COLLEGE

(Affiliated to Lucknow University)
Tiwariganj, Chinhat, Lucknow.
Website:www.cityacademydegreecollege.com
Email Id : cadclko@gmail.com

1424 (1:50)
10/5/24

Ref. No..CADC/2024/..1867,                                                                 Dated: 7/05/2024

कुल सचिव का कार्यालय
डाक प्राप्ति
संख्या 2380
दिनांक 08/05/24
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007

सेवा में,

कुल सचिव,

लखनऊ विश्वविद्यालय,

लखनऊ।

**विषय :– विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर विज्ञापन अपलोड कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

महाविद्यालय में बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में शिक्षकों का चयन/नियुक्ति हेतु अग्रलिखित विज्ञान विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करना चाहें–

> **आवश्यकता**
>
> सिटी एकेडमी डिग्री कॉलेज, तिवारीगंज, चिनहट, लखनऊ को बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु सहायक प्रवक्ता हेतु योग्य अभ्यर्थियों की आवश्यकता है।
>
> सहायक प्रवक्ता बी0सी0ए0 – 08 पद
>
> योग्यता, अनुभव एवं प्राप्तांक यु0जी0सी0 एवं लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के मानक के अनुसार।
>
> योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन के 15 दिन के अन्दर महाविद्यालय में सम्पर्क करें।

कृपया उपरोक्त विज्ञापन को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करना चाहें।

धन्यवाद् सहित!

इंचार्ज (वेबसाइट)

PA TO REGISTRAR
08/5/2024


Mamta Srivastava
प्रबन्धक
सिटी एकेडमी डिग्री कॉलेज
लखनऊ

Manager
City Academy Degree College
Tiwariganj Chinhat, Lucknow

Scanned with ACE Scanner

# आज फिर लुढ़के सोने-चांदी के दाम

नयी दिल्ली। ईरान और इजराइल के बीच युद्ध की आशंका जताई गई थी लेकिन दोनों देशों के बीच तनाव घट गया है। इसका असर सोने-चांदी के भाव में देखने को मिल रहा है। तनाव घटने के बीच कमजोर, वैश्विक रुख होने के कारण इस सप्ताह लगातार दूसरे दिन सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। मंगलवार को भी सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत नरम रही। घरेलू बाजार में दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 70,500 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 79,850 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्टीय बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (मैक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 72 रुपए की गिरावट के साथ 71,125 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 701 रुपए की गिरावट के साथ 70,496 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,125 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 70,463 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 73,958 रुपए के भाव पर



सर्वोच्च स्तर छू लिया। मैक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट आज 408 रुपए की गिरावट के साथ 80,171 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 710 रुपए की गिरावट के साथ 79,869 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 80,171 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 79,864 रुपए के भाव निचला स्तर छू लिया। इस महीने चांदी के वायदा ने 86,126 रुपए किलो के भाव पर उच्चतम स्तर छू लिया था। अंतरराष्टीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज नरमी के साथ हुई। कोमैक्स पर सोना 2,342.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,346.40 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 31.10 डॉलर की गिरावट के साथ 2,315.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कोमैक्स पर चांदी के वायदा भाव 27.20 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 27.24 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.33 डॉलर की गिरावट के साथ 26.91 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## वैश्विक स्तर पर जारी तनाव के कारण महंगाई बढ़ने का जोखिम

मुंबई। प्रतिकूल मौसम के कारण महंगाई बढ़ने का खतरा हो सकता है। साथ ही वैश्विक स्तर पर लंबे समय से जारी तनावपूर्ण स्थिति से कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता बनी रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के अप्रैल के बुलेटिन में यह कहा गया है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 4.9 प्रतिशत हो गई। इससे पहले पिछले दो महीनों में यह औसतन 5.1 प्रतिशत रही थी। रिजर्व बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति पर पहुंचते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई को ध्यान में रखता है। केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के मोर्चे पर चिंताओं का हवाला देते हुए फरवरी, 2023 से प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। बुलेटिन में प्रकाशित लेख 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' में कहा गया कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि की गति बरकरार रही है और विश्व व्यापार का परिदृश्य सकारात्मक हो रहा है। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बॉन्ड प्रतिफल और कर्ज की ब्याज दर बढ़ रही है।

# रूस-चीन ने द्विपक्षीय व्यापार में बंद किया डॉलर का इस्तेमाल

नयी दिल्ली। रूस और चीन ने द्विपक्षीय व्यापार में डॉलर का इस्तेमाल बंद कर दिया है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस के क्षेत्रीय प्रमुखों की बैठक के दौरान यह जानकारी दी। लावरोव ने बताया कि दोनों देश आपसी व्यापार में स्थानीय करेंसी का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में रोड़ा अटकाने की तमाम कोशिशों के बावजूद रूस और चीन के मध्य आर्थिक संबंधों में तेजी से प्रगति हो रही है और दोनों देशों के मध्य हो रहे कुल व्यापार में 90 प्रतिशत व्यापार स्थानीय करेंसी के माध्यम से किया जा रहा है दोनों देशों के मध्य एनर्जी सेक्टर के अलावा रूस के कृषि उत्पादों का निर्यात चीन को तेजी से बढ़ रहा है। औद्योगिक और निवेश के क्षेत्र में दोनों देशों के संयुक्त प्रोजेक्टों को तेजी के साथ लागू किया जा रहा है। इस आपसी सहयोग का सीधा लाभ रूस और चीन की सीमाओं पर बने माहौल के रूप में देखने को मिल रहा है। पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के बीच चीन और रूस अपना गोल्ड रिजर्व बढ़ाने पर भी काम कर रहे हैं। चीन दुनिया में सोने का सबसे बड़ा उत्पादक है इसके बावजूद चीन ने 2022 में 67.6 बिलियन डॉलर के सोने की खरीद की है। यह 2022 में दुनिया में सोने की दूसरी सबसे बड़ी खरीद है जबकि स्विजरलैंड 4.9 बिलियन डॉलर के सोने की खरीद के साथ पहले नंबर पर रहा था। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के मुताबिक रूस ने 2023 में 324.7 टन सोने का उत्पादन किया है जबकि चीन 374 टन सोने के उत्पादन के साथ पहले नंबर पर है। रूस का लक्ष्य हर साल सोने के उत्पादन में चार फीसदी वृद्धि करने का भी है। दरअसल पश्चिमी जगत द्वारा रूस पर लगाए गए तमाम आर्थिक प्रतिबंधों के बावजूद रूस की अर्थव्यवस्था 2023 में 3.6 फीसदी की दर से बढ़ी है और 2024 में इसके 2.6 प्रतिशत की दर के साथ बढ़ने की उम्मीद है। रूस 2013 से ही पश्चिमी जगत द्वारा उस पर लगाए जाने वाले आर्थिक प्रतिबंधों की तैयारी कर रहा था ऐसे में जब यूरोप ने रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए तो अपनी करेंसी रूबल को गिरावट से बचाने के लिए उसने 2022 एक औंस सोने की कीमत 5 हजार रूबल पर फिक्स कर दी जिस से रूस की करेंसी में गिरावट थम गई। अमरीका द्वारा आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वेनेजुएला की सरकारी तेल कंपनी पीडीवीएसए तेल का निर्यात क्रिप्टोकरेंसी में बनी रही है। वेनेजुएला द्वारा अपने देश में चुनाव सुधार न करने के बाद अमरीका ने पीडीवीएसए से तेल खरीदने वाले देशों को 31 मई के बाद पेमेंट [illegible] बंद किए जाने का नोटिस दिया है।

## फिनटेक, स्वच्छ ऊर्जा तकनीकी में साझेदारी से बढ़ेगी भारत, यूएई वृद्धि गाथा

नयी दिल्ली। विमानन, फिनटेक, शिक्षा-प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य-प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा तकनीक जैसे क्षेत्रों में साझेदारी से आने वाले वर्षों में भारत और यूएई की वृद्धि गाथा आगे बढ़ेगी। व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) परिषद के निदेशक अहमद

CITY ACADEMY DEGREE COLLEGE
Tiwariganj, Chinhat, Lucknow
VACANCY FOR B.C.A.
Required
Qualification Experience & Percentage as per state govt. & Lucknow University

VEDANTA LAW COLLEGE
Tiwaripur, Jankipuram Ext. Lucknow
VACANCY FOR LL.B
Principal - 01 Post
Lecturer for LL.B (3 Yrs) - 08 Post
Lecturer for LL.B (5 Yrs) - 06 Post
- English, Sociology, Pol. Science, Economics, History, Psychology.

Scanned with ACE Scanner